प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 18 जून को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर तैयारियां तेज : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सम्मेलन स्थल का किया निरीक्षण।
2. कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले 42 भारतीय में से 3 उत्तर प्रदेश के निवासी : कल घर पहुंचाये जायेंगे तीनों के पार्थिव शरीर।
3. अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर हमले की धमकी मिलने के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था : सीसीटीवी से 24 घंटे रखी जा रही पूरे इलाके पर निगरानी।

और

4. नये आपराधिक कानूनों के बारे में पूरी सूचना उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने जारी किया ऐप : देश में एक जुलाई से प्रभावी होंगे नये कानून।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 18 जून को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। वाराणसी पहुंच कर उन्होंने सबसे पहले मेहंदीगंज स्थित प्रस्तावित किसान सम्मेलन स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के पहुंचने के पूर्व प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने

वाराणसी के मंडलीय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.........

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार में तीसरी बार शपथग्रहण करने के पश्चात प्रथम बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में आगामी 18 जून को पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री सबसे पहले किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे, इसके पश्चात वह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने के पश्चात गंगा आरती का भी अवलोकन कर सकते हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री कार्यक्रम को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने भी जबरदस्त स्वागत करने की तैयारी की है। नगर के विभिन्न मार्गो पर स्वागत द्वारों के माध्यम से उनका स्वागत किया जायेगा। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी पर्व–त्योहारों को देखते हुए मजबूत कानून व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में कल शाम लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी सोलह जून को गंगा दशहरा, सत्रह जून को बकरीद, अट्ठारह जून को ज्येष्ठ माह का मंगल का पर्व है और इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन है। वहीं जुलाई में मोहर्रम और कावंड यात्रा जैसे कार्यक्रम होने हैं। ऐसे में शासन प्रशासन को अनवरत एक्टीवमोड में रहने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा

कि त्योहारों में आस्था का पूरा सम्मान हो लेकिन किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित कर कि बकरीद पर कहीं भी सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये और कुर्बानी भी तय स्थल पर हो। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हों। उन्होंने कल से बाईस जून तक सभी जिलों में विशेष स्वछता अभियान चलाने के निर्देश भी दिये। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विद्युत कटौती पर रोक लगाने का निर्देश देने के साथ ही कहा कि अधिकारीगण सीयूजी नम्बर पर आने वाली हर कॉल का जवाब जरूर दें।

——————————

कुवैत के मंगाफ शहर में बीते बुधवार की सुबह एक बहुमंजिली इमारत में लगी भीषण आग में मृत बयालिस भारतीयों में से तीन की पहचान उत्तर प्रदेश के नागरिकों के रूप में हुई है। यह जानकारी सामने आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में बने हुए हैं। मृतकों में गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके के भम्मौर गांव के निवासी जयराम गुप्ता, गोरखनाथ इलाके के जटेपुर उत्तरी निवासी अंगद गुप्ता और वाराणसी निवासो प्रवीण माधव सिंह शामिल हैं।

हादसे में जान गंवाने वाले प्रदेश के तीनों लोगों के शव कल उनके निवास स्थानों पर पहुंचेंगे। राज्य के राहत आयुक्त ने बताया कि पार्थिव शरीर आज शाम दिल्ली पहुंचेंगे और कल सुबह उन्हें वाराणसी ले जाया जाएगा। बाद में स्थानीय प्रशासन शव वाहन से पार्थिव शरीर को उनके घरों तक पहुंचाएगा।

——————

आतंकी संगठन की ओर से अयोध्या के श्रीराम मंदिर को उड़ाने की धमकी मिलने के बाद श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट की सुरक्षा में भी इजाफा किया गया है।

एसएसपी राज करण नय्यर ने आज महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंन आतंकी संगठन की धमकी पर सीधे तौर पर टिप्पणी नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को अलग–अलग क्षेत्रों में बांटा गया है। सुरक्षाकर्मियों को अलग–अलग जोन में तैनात करने के अलावा वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा सीसीटीवी के जरिए पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है। वहीं, राम जन्मभूमि परिसर में तैनात अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों को अलर्ट मोड पर कर दिया गया है।

————————

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 13 निर्वाचित सदस्यों को आज विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र ने शपथ दिलाई। विधान परिषद की य सीटें मई में खाली हुई थीं। शपथ लेने वाले सदस्यों में भाजपा के अशोक कटियार, डॉ0 महेन्द्र सिंह, विजय बहादुर पाठक और आशीष पटेल, मोहित बेनीवाल, धर्मेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, राष्ट्रीय लाकदल के योगेश चौधरी, अपना दल सोनेलाल के आशीष पटेल और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विच्छेलाल राम समेत सपा के शाह आलम, किरण पाल कश्यप और बलराम यादव शामिल रहे।

————————

भारतीय जनता पार्टी ने हालिया लोकसभा चुनाव में हुए प्रदर्शन को लेकर चिंतन और विचार विमर्श शुरू कर दिया है। आज लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेशभर के पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि जिन सीटों पर पार्टी को हार मिली है, वहां किन कारणों से ऐसा हुआ इसकी पड़ताल के लिये टीम गठित होगी और उस टीम की रिपोर्ट के आधार पर पार्टी अपनी रणनीति तय करेगी।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने नये आपराधिक कानूनों के बारे में पूरी सूचना उपलब्ध कराने के लिए एक मोबाइल ऐप एनसीआरबी संकल्न ऑफ क्रिमिनल लॉ जारी किया है। नये आपराधिक कानून एक जुलाई से प्रभावी हो जायेंगे। इस ऐप में भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गयी है। यह ऑफलाइन भी काम करेगा। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर पर उपलब्ध है।

———————————

देश में नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 में स्नैचिंग के संबंध में कई दंडों का प्रावधान किया गया है। धारा

304 में स्नैचिंग को एक अलग अपराध के रूप में चिन्हित किया गया है, जिसमें 3 साल तक की कैद और जुर्माना निर्धारित है। अदालत मामले की गंभीरता, अपराधी के पिछले रिकार्ड और अन्य कारकों के आधार पर अवधि और जुर्माने की राशि निर्धारित करती है। अगर यह किसी समूह या गिरोह द्वारा किया जाता है, तो यह छोटे संगठित अपराध के अन्तर्गत भी आता है। स्नैचिंग में धमकियों या शारीरिक नुकसान की अनुपस्थिति के कारण आईपीसी के तहत स्नैचिंग में आमतौर पर डकैती की तुलना में कम सजा होती है। भारतीय न्याय संहिता में चोरी में सहमति के बिना चल सम्पत्ति लेना शामिल है, लेकिन जरूरी नहीं कि बल प्रयोग किया जाये। इसके अलावा छीनाझपटी होने पर पीड़ित अक्सर संपत्ति के नुकसान के अलावा शारीरिक और भावनात्मक आघात भी झेलते हैं। इस बात को कानून में स्थान दिया गया है। साथ ही जिन मोबाइल फोन में संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा, वित्तीय जानकारी और पासवर्ड होते हैं, उन्हें अलग से छीनने के कृत्य को अपराध बनाकर संरक्षित किया गया है।

———————

21 जून को दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले लखनऊ विश्वविद्यालय का योग विभाग 27 मई से 21 जून तक विभिन्न शिविरों का आयोजन कर रहा है। इनमें समाज के अलग–अलग वर्गों को योग से जुड़ी जरूरी जानकारी दी

जा रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग के विभागाध्यक्ष अशोक सोनकर ने बताया कि शिविर, सेमिनार और वर्कशॉप के जरिए लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बाइट.........

*इस समय हमारे यहां फैकल्टी में 27 मई से लेकर के 21 जून तक लगातार वर्कशाप सेमिनार कराये जा रहे है और बच्चों के लिये कौन सा योग उचित है महिलाओं के लिये प्रेग्नेंसी में गर्भ संस्कार किस तरह से होना चाहिये, कौन सा योग करना चाहिये उसके लिये हम लोग वहां पर कैम्प लगाये वृद्ध लोगों के लिये सीएसडी में किस उम्र में किस तरह का योग करना चाहिये, क्योंकि हर उम्र का अलग–अलग योग होता है।*

——————————

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज नीट मुद्दे पर सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने नीट परीक्षा में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए का दुरुपयोग किया है और अंकों और रैंक में बड़े पैमाने पर धांधली की है। एक ट्वीट में श्री खड़गे ने सरकार की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने 24 लाख युवाओं की आकांक्षाओं को कुचल दिया है।

——————————

प्रदेशवासियों को गर्मी और लू से राहत के लिये अभी कुछ दिन इंतजार करना होगा। कानपुर के चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय के मौसम विभाग के डॉ0 सुनील पांडेय के अनुसार, उत्तर पश्चिमी थार

मरुस्थल राजस्थान से गर्म हवाओं के आने से अभी पूरे हफ्ते लू की स्थिति बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि कानपुर मंडल सहित पूरे प्रदेश में तापमान 42 से 44 डिग्री तक बना रहेगा।

(समाप्त)